हिंदी भाषा पर्व

हिंदी केवल एक भाषा ही नहीं बल्कि भारत की सांस्कृतिक पहचान और एकता का प्रतीक है। यह सरल और स्पष्ट भाषा है। हिंदी दिवस का संदेश है कि हम हिंदी बोलने, पढ़ने और लिखने में गर्व महसूस करें।

सितंबर माह में दिल्ली पब्लिक स्कूल गुड़गाँव की प्राथमिक शाखा में हिंदी दिवस पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विशेष सभा का आयोजन किया गया ।जिसमें हिंदी साहित्य के विख्यात रचनाकारों के दोहे सुनाए गए जिससे विद्यार्थी सच बोलने व समय पर कार्य करने के लिए प्रेरित हुए।

कक्षा –1 के विद्यार्थियों ने हास्य कविताएँ सुनाकर अपनी अद्‌भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया उनकी कविताएं सुनकर सभी खिलखिला उठे।

कक्षा –2 के विद्यार्थियों ने प्रकृति विषय पर हाव- भाव से कविता सुना कर पेड़ लगाने का संकल्प लिया ।

स्पैलोथॉन गतिविधि द्वारा विद्यार्थियों के शब्द भंडार में वृद्धि हुई। इन सभी गतिविधियों द्वारा विद्यार्थियों में भाषा के प्रति प्रेम और रचनात्मता विकसित हुई ।